दिनांकः 13.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–सशस्त्र बलों ने देश के गौरव को अभूतपूर्व, अकल्पनीय और असाधारण ऊंचाई दी हैं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री अन्न के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इसे विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में शामिल करने को कहां
- सीबीएसई की 12वीं और 10वीं कक्षा के आज जारी नतीजों में छात्राओं एक बार फिर से बाज़ी मारी–सीकर की खुशी शेखावत ने 12वीं में 500 में से 499 अंक हासिल कियें
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान 36 पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचां
- प्रदेश में आज दिनभर तेज गर्मी और उमस के बाद विभिन्न स्थानों पर बारिश–भीलवाड़ा में ओले गिरें

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सशस्त्र बलों ने देश के गौरव को एक नई ऊंचाई दी है जो अभूतपूर्व, अकल्पनीय और असाधारण हैं उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश का मनोबल बढ़ाया है और देश को एकता के सूत्र में पिरोया हैं श्री मोदी आज पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर जवानों को संबोधित कर रहे थें प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया और सिर्फ 20 से 25 मिनट के भीतर सीमा पार के ठिकानों पर हमला करके यह दिखाया है कि आधुनिक तकनीक से लैस एक पेशेवर बल ऐसा कर सकता हैं श्री मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अब अगर भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो देश अपने स्तर पर जवाब देगां साथ ही देश किसी तरह का न्यूक्लीयर ब्लैक मेल नहीं सहेगां

............

इससे पहले प्रधानमंत्री ने सुबह आदमपुर वायुसेना स्टेशन का दौरा किया और जवानों के साथ बातचीत कीं वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान भारत की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा कीं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री अन्न के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इसे विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में शामिल करने को कहा हैं उन्होंने कहा कि श्री अन्न की पोषण क्षमता और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए मिड–डे मील तथा मां बाडी केन्द्रों पर पायलट बेसिस पर श्री अन्न आधारित उत्पाद शुरू किए जाने चाहिए, ताकि बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकें

श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025–26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थें श्री शर्मा ने अधिकारियों को श्री अन्न की मार्केटिंग, उत्पादन तथा प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समिति बनाने के भी निर्देश दिएं उन्होंने अधिकारियों को सरकारी आयोजनों में स्वयं सहायता समूह तथा राजीविका की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को उपयोग में लाने को भी कहां

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि विद्यार्थियों को अपने कौशल विकास पर ज्यादा ध्यान देना चाहिएं राज्यपाल आज अलवर में राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थें श्री बागड़े ने कहा कि कौशल और कला का विकास कर विद्यार्थी अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं इस अवसर पर उन्होंने 46 मैडल प्रदान कियें इनमें 39 स्वर्ण पदक शामिल हैं कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, वन और पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहें

000

वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई सर्वोच्च न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगें वे न्यायाधीश संजीव खन्ना का स्थान लेंगें न्यायाधीश संजीव खन्ना आज सेवानिवृत्त हुएं इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो गयां उन्होंने 10 नवंबर, 2024 को पदभार ग्रहण किया था और छह महीने तक मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दीं

000

राज्य में मेजर मिनरल के 22 ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया शुरु कर दी गई हैं खान और भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि नीलामी के लिए 21 मई तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं 22 ब्लॉकों में से 14 माइनिंग लीज और 8 कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉकों की नीलामी के लिए 16 अप्रैल को निविदा सूचना जारी की गई थीं श्री रविकान्त ने बताया कि लाइमस्टोन के माइनिंग लीज के 14 ब्लॉकों में जैसलमेर में 11, नागौर में 2 और कोटा में एक ब्लॉक की नीलामी की जा रही हैं उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की जांच के बाद जून के पहले सप्ताह से निविदादाता ई प्लेटफार्म–एमएसटीसी पर बोली लगा सकते हैं

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की 12वीं और 10वीं कक्षा के आज जारी नतीजों में एक बार फिर से छात्राओं ने अपना दबदबा कायम रखा हैं इस साल 91 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने 12वीं की परीक्षा पास की, जो कि लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ–चार प्रतिशत अधिक हैं

सीकर के लक्ष्मणगढ की खुशी शेखावत ने 500 में से 499 अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को दिया हैं

..............

दसवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने बाजी मारी हैं 95 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की जो कि लड़कों के मुकाबले दो दशमलव तीन–सात प्रतिशत अधिक हैं

गौरतलब है कि इस बार 12वीं कक्षा में 88 दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास कीं वहीं दसवीं कक्षा के 93 दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीबीएसई की 12वीं और दसवीं की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा परिणाम छात्रों के संकल्प, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिचायक हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं

000

भारतीय डाक विभाग ने पुस्तकों और अध्ययन सामग्री को कम लागत में भेजने के लिए 'ज्ञान पोस्ट सेवा' की शुरुआत की हैं इसके जरिए शैक्षणिक पुस्तक और सामाजिक–सांस्कृतिक साहित्य किफायती दामों पर भेजे जा सकेंगें एक रिपोर्ट –

................

000

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान पदक तालिका में 36 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया हैं आज राजस्थान ने साइक्लिग टाइम ट्रायल श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम कियें 30 किलोमीटर साइक्लिंग में लड़कों की श्रेणी में राम अवतार चिम्प ने स्वर्ण, महादेव सरण ने रजत और महावीर सरण ने कांस्य पदक हासिल कियां

बीस किलोमीटर साइक्लिग में लड़कियों की श्रेणी में राजस्थान की मंजू चौधरी ने स्वर्ण और रुक्मणि ने कांस्य पदक अपने नाम किएं पदक तालिका में महाराष्ट्र 36 स्वर्ण और 28 रजत के साथ 89 पदक लेकर शीर्ष पर हैं

000

प्रदेश में आज कई जगहों पर दिनभर तेज गर्मी और उमस के बाद अचानक मौसम ने करवट बदलीं दोपहर बाद विभिन्न स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई कुछ स्थानों पर ओले गिरने के भी समाचार हैं राजधानी जयपुर में बादलों की लुकाछिपी चलनी रहीं हनुमानगढ़ में तेज अंधड़ के बाद बूंदाबांदी हुई भरतपुर में वर्षा के बाद मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को तेज गर्मी से राहत मिलीं भीलवाडा से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां ग्रामीण इलाकों में हल्की बरसात के साथ ओले भी गिरें

..............

मौसम विभाग ने कल राज्य के 21 जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं वहीं, 15 मई से राज्य के पश्चिमी हिस्सों में लू चलने की चेतावनी दी गई हैं इस दौरान तापमान के 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका हैं विभाग ने लोगों को धूप और लू से बचने की सलाह दी हैं

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को अब 18 मई तक कोचिंग संस्थानों में उपस्थिति देने की अनुमति दे दी हैं इससे पहले यह तिथि 11 मई निर्धारित की गई थीं

विभाग के निदेशक और संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स और सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराने और समान अवसर देने के लिए यह योजना चलाई जा रही हैं

000

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों की वार्षिक भौतिक सत्यापन की अवधि बढ़ाकर 31 मई दी गई हैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के निदेशक बचनेश अग्रवाल ने बताया कि लाभार्थियों की मांग और सुविधा के लिए विभाग ने ये फैसला किया हैं उन्होंने कहा लाभार्थी बिना किसी देरी के अपना सत्यापन करवाएं ताकि पेंशन मिलने में किसी तरह की परेशानी नहीं हों